बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या – 01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(जमुई)–14 / 2021 13490 पटना, दिनांक:- 27/08/2024

आदेश

बंदोबस्त पदाधिकारी, जमुई के पत्रांक 324 दिनांक 21.05.2024 द्वारा श्री राजेश कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN02714) के विरूद्ध अवकाश आवेदन देकर अनुपस्थित रहने, पूछे गये स्पष्टीकरण का जबाब नहीं देने एवं कार्य के प्रति नकारेपन, कर्त्तव्यहीनता का आरोप प्रतिवेदित करते हुए चयन मुक्त करने की अनुशंसा की गयी है।

प्रतिवेदित आरोप के आलोक में निदेशालय, भू–अभिलेख एवं परिमाप के पत्रांक 2357 दिनांक 03.06.2024 द्वारा श्री कुमार से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा अपना स्पष्टीकरण निर्धारित अवधि में समर्पित किया गया है। स्पष्टीकरण में उल्लेख किया गया है कि इनके द्वारा अपने बच्चे एवं पत्नी के ईलाज हेतु साक्ष्य सहित अवैतनिक अवकाश हेतु आवदेन दिया गया है। बंदोबस्त कार्यालय द्वारा पूछे गये स्पष्टीकरण के संबंध में उल्लेख किया गया है कि बंदोबस्त कार्यालय के ई–मेल आई0डी0 पर साक्ष्य सहित इनके द्वारा स्पष्टीकरण भेजा गया है। साथ ही अंकित किया गया है कि इनके द्वारा आवंटित राजस्व ग्राम पतौना का प्रारूप प्रकाशन किया जा चुका है।

बंदोबस्त पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित आरोप एवं श्री कुमार से प्राप्त स्पष्टीकरण तथा संलग्न साक्ष्यों के समीक्षोपरांत चूंकि इनके द्वारा एक ग्राम का प्रारूप प्रकाशन का कार्य कराया गया है इसके दृष्टिगत तत्काल इनका संविदा नियोजन समाप्त न कर इनके स्पष्टीकरण पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए तत्काल कार्य नहीं तो मानदेय नहीं के आधार पर इन्हें स्पष्टीकरण से मुक्त किया जाता है।

27/8/24
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक:– 01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(जमुई)–14 / 2021 13490 **पटना, दिनांक** :– 27/08/2024

प्रतिलिपि :– श्री राजेश कुमार, विशेष सर्वेक्षण अमीन(AEN02714), बंदोबस्त कार्यालय, रोहतास को सूचनार्थ प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक:– 01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(जमुई)–14 / 2021 13490 **पटना, दिनांक** :– 27/08/2024

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, सीतामढ़ी / रोहतास को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक:– 01 / भू0अ0नि0(2)राज्य यो0(जमुई)–14 / 2021 13490 **पटना, दिनांक** :– 27/08/2024

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने तथा इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत इनकी व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 27/8/24
भू–अभिलेख एवं परिमाप